

# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### 11 वरिष्ठ आइएफएस अधिकारियों में कोरोना वायरस की पुष्टि

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड में कोरोना वायरस संक्रमण का ग्राफ फिर बढ़ने लगा है। देहारदून स्थित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी में मिड टर्म ट्रेनिंग में आए 11 वरिष्ठ आइएफएस अधिकारी कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। सभी को एफआरआइ परिसर स्थित हास्टल में आइसोलेटे कर दिया गया है। अकादमी के अपर निदेशक डा. एसके अवस्थी ने बताया कि 48 अधिकारियों का दल पहले लखनऊ ट्रेनिंग पर था। इसके बाद दिल्ली में ट्रेनिंग के लिए गया। दिल्ली से दून प्रस्थान के दौरान सभी के सैंपल लिए गए थे, जिसमें आठ अधिकारी संक्रमित पाए गए। इसके बाद दून में सभी 48 की सैंपलिंग की गई और तीन अन्य के साथ संक्रमितों की संख्या 11 पहुंच गई है।

### सीएम ने संविधान दिवस की शुभकामनाएं दी

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने संविधान दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री ने संविधान दिवस की पूर्व संध्या पर जारी संदेश में कहा है कि भारत आज विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। विश्व में भारत की विशिष्ट पहचान बनाने में भारतीय संविधान की विशेष भूमिका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि संविधान में प्रत्येक नागरिक के लिए मौलिक अधिकारों के साथ ही कर्तव्यों का भी उल्लेख किया गया है।

### मोटर मार्गों के निर्माण एवं सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 10 लाख देने की घोषणा

**संवाददाता** ऋषिकेश। ऋषिकेश विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत हरिपुर कला में विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल ने आंतरिक मोटर मार्गों के निर्माण एवं सामुदायिक भवन निर्माण के लिए विधायक निधि से 10 लाख रुपए जले की घोषणा की। जबकि विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर 150 स्ट्रीट लाइट भी लगाई जाएगी। इस अवसर पर श्री अग्रवाल ने कहा है कि हरिपुर कला क्षेत्र में आंतरिक मोटर मार्गो का जाल बिछा हुआ है।

### कू से जुड़े शुभमन गिल, कुलदीप यादव और उमेश यादव

**संवाददाता** देहरादून। अपनी भाषा में प्रशंसकों के साथ बातचीत करने के लिए मशहूर क्रिकेटर शुभमन गिल, कुलदीप यादव और उमेश यादव अब भारत के कई भाषाओं वाले माइक्रो–ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म कू एप में शामिल हो गए हैं। इस अनोखे प्लेटफॉर्म में दी गई कई भाषाओं वाली सुविधा का फायदा उठाते हुए शुभमन गिल ने अंग्रेजी और हिंदी में टीम इंडिया की अगली सीरीज के लिए उन्हें शुभकामनाएं दीं। शुभमन ने अपनी कू पोस्ट में लिखा, टीम इंडिया को टी20 सीरीज में न्यूजीलैंड के साथ होने वाले मैच के लिए शुभकामनाएं।

# बाल श्रम एवं भिक्षावृति में संलिप्त लोगों के खिलाफ कार्रवाई करें

**निर्देश**

■ डीएम ने श्रम विभाग के अधिकारी को संयुक्त टास्क फोर्स का गठन करने के निर्देश दिए

■ बाल श्रमिक एवं भिक्षावृति करते हुए पाए गए बच्चों के अभिभावकों की पहचान की जाए

**संवाददाता**

देहरादून। जिलाधिकारी डॉ. आर राजेश कुमार की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स एवं जनपद स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक जिलाधिकारी शिविर कार्यालय में सम्पन्न हुई। जिला टास्क फोर्स की बैठक में जिलाधिकारी ने श्रम विभाग एवं जिला टास्क फोर्स समिति से जुड़े विभागों एवं संस्थाओं के अधिकारियों पदाधिकारियों को निर्देश दिए कि बाल श्रम एवं भिक्षावृति पर विशेष ध्यान रखते हुए निरन्तर छापेमारी की जाएं तथा इसमें संलिप्त व्यक्तियों पर कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि छापेमारी के दौरान बाल श्रमिक एवं भिक्षावृति करते हुए पाए गए बच्चों के अभिभावकों की पहचान भी की जाए।

उन्होंने निर्देश दिए कि जो बच्चे चिन्हित किये जाते है उनके संरक्षण/सुरक्षा एवं शिक्षा पर विशेष प्रबंध किया जाए। उन्होंने कहा कि समिति को विशेष कार्य करते हुए सूचना तंत्र को और अधिक मजबूत किया जाए। इसमें स्थानीय अभिसूचना इकाई को भी शामिल किया जाए ताकि अन्य राज्यों से भिक्षावृति एवं बाल श्रम हेतु लाए जाने वाले बच्चों की सूचना पूर्व में ही प्राप्त हो जाए तथा इस कार्य में लिप्त व्यक्तियों की धर–पकड़ करते हुए उनके विरूद्ध निर्धारित प्राविधानों के अनुरूप ठोस कार्यवाही की जा सके। उन्होंने टास्क फोर्स से जुड़े अधिकारियों एवं संस्थाओं को बाल श्रम की शिकायतों एवं ऐसे स्थानों जहां पर बाल श्रम किए जाने की संभावना हो वहाँ पर छापेमारी की जाए।



जिलाधिकारी ने श्रम विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए कि तुरन्त संयुक्त टास्क फोर्स का गठन करें इसमें एंटी ह्यूमेन ट्रेफिक के सदस्यों एवं अन्य स्वयंसेवी संस्था के सदस्यों को भी जोड़े। उन्होंने इस बात को विशेष ध्यान दिऐ जाने के निर्देश दिए फेक्ट्री, भीख मांगने तथा घरेलू प्रतिष्ठानों तथा अन्य संबंधित क्षेत्रों में संक्षिप्त बच्चों को उनके अभिभावकों तक पहुंचाने के प्रयास किये जाएं। उन्होंने बच्चों के माध्यम से जनपद में हो रही भिक्षा वृत्ति के पीछे किसी गिरोह की संलिप्तता को देखते हुए पुलिस एवं श्रम विभाग को त्वरित गति से कार्यवाही किए जाने के निर्देश बैठक में दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि संबंधित विभाग खानापूर्ति न करते हुए इन्फोर्समैंन्ट कराये तथा निरंतर छापेमारी की कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि विभिन्न प्रतिष्ठानों, दुकानों, ठेली–रेहड़ी, निर्माणाधीन साइटों, जहां बाल मजदूरी की सम्भावना अधिक रहती है, पर भी छापेमारी/निरीक्षण करें। उन्होंने कहा कि जो बच्चे बाल मजदूरी एवं भिक्षावृति करते हुए पाए जाते है, उनका पूर्ण डेटावेस तैयार करें। जिलाधिकारी ने बैठक में पुलिस द्वारा चलाये जा रहे आपरेशन स्माइल एवं मुक्ति के साथ श्रमविभाग आपस में समन्वय बनाते हुए सूचनाओं का आदान–प्रदान करना सुनिश्चत करें।

बैठक में बताया गया कि इस दौरान 5 स्थानों पर रेस्क्यू के साथ 2 स्थानों पर एफआईआर तथा चालान की कार्यवाही भी की गई। बैठक में श्रम अधिकारी पिंकी आर्य, पुलिस विभाग से निरीक्षक चाइल्डहेल्पलाइन से केन्द्र समन्वयक दीपिका पंवार ,सम्पर्क सोसाइटी से कार्डिनेटर मानसी मिश्रा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी/कार्मिक एवं संस्थाओं के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### बालश्रम रोकथाम को लेकर एस.ओ.पी बनाये

बैठक में जिलाधिकारी ने बचपन बचाओ अभियान के सदस्यों को बालश्रम रोकथाम को लेकर एस.ओ. पी बनाये जाने को कहा ताकि संबंधित विभाग की जिम्मेदारी तय हो जायं।

# सामन्ती ने जो रास्ता बनाया उसे आगे बढ़ाया जाएगा: सीएम

**संवेदना**

■ सीएम ने वीरेन्द्र सिंह सामन्ती के परिजनों से भेंट कर शोक संवेदना व्यक्त की

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी गुरूवार को बिगवाड़ा गुरूद्वारा में स्व. वीरेन्द्र सिंह सामन्ती की अन्तिम अरदास में शामिल हुए। उन्होंने वीरेन्द्र सिंह सामन्ती के परिजनों से भेंट कर शोक संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने शोकाकुल परिवारजनों, मित्रों एवं उनके चाहने वालों को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की अरदास की। मुख्यमंत्री ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि सामन्ती के सामाजिक कार्यों एवं सेवाभावी व्यक्तित्व को हमेशा याद किया जायेगा। उन्होंने कहा कि सामन्ती ने जो रास्ता समाज के लिए बनाया था, उसे आगे बढ़ाने का कार्य किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने स्व.सामन्ती के साथ बिताएं यादगार लम्बों का स्मरण करते हुए स्व.सामन्ती को जिन्दा दिल इंसान बताया।



मुख्यमंत्री ने स्वर्गीय वीरेन्द्र सामन्ती की स्मृति में वार्ड नम्बर 16 बिगवाड़ा के राजकीय प्राथमिक विद्यालय का नाम स्व. वीरेन्द्र सिंह सामन्ती राजकीय प्राथमिक विद्यालय करने,एनएच 74 के खटीमा–पानीपत मार्ग स्थित मेडीसिटी अस्पताल से करतारपुर–सुआनगला मार्ग का नाम स्वर्गीय वीरेन्द्र सिंह सामन्ती के नाम पर रखने, स्वर्गीय सामन्ती की स्मृति में बिगवाड़ा शमशानघाट में सौन्दर्यकरण कराये जाने की भी घोषणा की।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरान्द तथा श्री अरविन्द पाण्डे ने कहा कि स्व.सामन्ती सामाजिक एवं व्यवहारिक प्रतिभा के धनी होने के साथ ही अपनी जिम्मेदारियों को पूरी ईमानदारी व निष्ठा से निभाते थे। विधायक राजकुमार ठुकराल, राजेश शुक्ला ने भी स्व.सामन्ती के व्यक्तित्व के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मंत्री बलदेव सिंह ओलख, मेयर रूद्रपुर रामपाल, अध्यक्ष वन विकास निगम सुरेश परिहार, उपाध्यक्ष किसान आयोग राजपाल सिंह आदि उपथित थे।

### निर्वाचक नामावली विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के लिए पांच दिन शेष

**संवाददाता** देहरादून। उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी जितेन्द्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत 01 नवम्बर से 30 नवम्बर तक विशेष अभियान चलाकर अधिक से अधिक लोगों को वोटर कार्ड बनाने के लिये प्रेरित किया जा रहा है। सभी बी0एल0ओ अपने बूथ पर बैठकर नये पंजीकरण कर रहे हैं व वोटर कार्ड में किसी भी प्रकार का यदि संशोधन है तो उसे भी किया जा रहा है। 25 नवम्बर से 05 दिन इस विशेष कार्यक्रम के शेष रह जायेंगे। ''मजबूत लोकतंत्र–रोशन उत्तराखण्ड कार्यक्रम'' के तहत सायं 07:00 बजे बूथ पर मोमबत्ती, दिये व मशाल जलाकर लोगों को संदेश दिया गया कि जो लोग अभी तक भी अपना वोटर कार्ड नहीं बना पाये हैं, 30 नवम्बर तक अपने नजदीक के बूथ पर जाकर पंजीकरण करवायें।

In a Digital World Why
To wait for a Howker
Visit Us at https://www.page3news.co.
Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+



Scan This Code
Read News
Watch News Channel

**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।